# भीषण गर्मी, नर्सरी से 5वीं तक स्कूलों में छुट्टी

## 30 अप्रैल तक सभी सरकारी-निजी स्कूल बंद



**छतरपुर, 27 अप्रैल.** छतरपुर जिले में लगातार बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी को देखते हुए कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है.

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले के सभी शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई, आईसीएसई तथा अनुदान प्राप्त विद्यालयों में नर्सरी से कक्षा 5वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए 30 अप्रैल तक अवकाश घोषित किया गया है. प्रशासन ने यह निर्णय बच्चों को लू और तेज धूप से होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं से बचाने के उद्देश्य से लिया है. हालांकि अवकाश अवधि के दौरान विद्यालयों के शिक्षकों और अन्य

### शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य

स्टाफ की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी. प्रदेश के कई जिलों में भीषण गर्मी का असर देखने को मिल रहा है. सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं ने जनजीवन प्रभावित कर दिया है. इसी के चलते मध्यप्रदेश के कई जिलों में स्कूलों में छुट्टियां घोषित की गई हैं. उज्जैन, सागर, ग्वालियर, इंदौर, रतलाम और शिवपुरी सहित कई जिलों में भी नर्सरी से लेकर 8वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को 30 अप्रैल तक अवकाश दिया गया है. गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में ग्रीष्मकालीन अवकाश 1 मई 2026 से प्रारंभ होकर 15 जून तक रहेगा. ऐसे में बच्चों को अब लगातार लंबी छुट्टियों का लाभ मिलेगा. जिला प्रशासन ने अभिभावकों से बच्चों को तेज धूप में बाहर न निकलने की सलाह भी दी है.

# जेब में रखा मोबाइल फटा, युवक झुलसा

**गंजबासौदा.** ग्राम मुरार में एक युवक की जेब में रखा मोबाइल फोन अचानक फट गया. घटना के बाद मोबाइल की बैटरी से धुआं निकलने लगा और आग लग गई, जिससे युवक झुलस गया.परिजनों व आसपास के लोगों की मदद से घायल युवक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है. घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया.स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार में घटिया क्वालिटी की बैटरियां खुलेआम बिक रही हैं, जो अधिक गर्म होने पर फट जाती हैं. उन्होंने संबंधित विभाग से मामले की जांच कर दोषी दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है.



# ट्रांसफार्मर में लगी आग से मचा हड़कंप

## देर रात तक बिजली आपूर्ति रही ठप्प

**छतरपुर, 27 अप्रैल. छतरपुर शहर के बड़ी कुंजरेहटी क्षेत्र में रविवार देर शाम एक डीपी (ट्रांसफार्मर) में अचानक भीषण आग लग गई. आग लगते ही जोरदार विस्फोट हुआ, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई. धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए.**

### बड़ी कुंजरेहटी में डीपी धधकी

आग इतनी तेज थी कि कुछ ही देर में पूरा ट्रांसफार्मर धधकने लगा और उससे निकल रही चिंगारियां दूर तक फैलने लगीं. बिजली के खंभे पर लगी डीपी में आग होने के कारण करंट फैलने का खतरा बना रहा, जिससे किसी ने भी पास जाकर आग बुझाने का प्रयास नहीं किया. घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए बिजली आपूर्ति बाधित रही. स्थानीय रहवासियों ने प्रशासन और विद्युत विभाग से पुराने ट्रांसफार्मरों एवं बिजली लाइनों को शीघ्र बदलने तथा नियमित रखरखाव सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके.

> स्थानीय लोगों ने विद्युत कंपनी पर लापरवाही का आरोप लगाया है. उनका कहना है कि लंबे समय से ट्रांसफार्मरों और बिजली लाइनों का समुचित रखरखाव नहीं किया जा रहा है. कई स्थानों पर पुराने और जर्जर ट्रांसफार्मर लगे हैं, जो बढ़ते बिजली लोड को सहन नहीं कर पा रहे हैं. गर्मी के मौसम में बिजली की मांग बढ़ने से ट्रांसफार्मरों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है. ओवरलोडिंग के कारण ट्रांसफार्मर गर्म होकर आग पकड़ लेते हैं. साथ ही पुरानी और क्षतिग्रस्त बिजली लाइनें शॉर्ट सर्किट और स्पार्किंग का कारण बन रही हैं.

# छतरपुर में सरकारी रिकॉर्ड में तीन जिंदा लोग 'मृत'

## पंचायत सचिव निलंबित, विधवा पेंशन समेत कई योजनाएं बंद, जांच के आदेश



**छतरपुर, 27 अप्रैल. जिले में सरकारी लापरवाही का एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है. यहां सरकारी रिकॉर्ड में तीन जीवित लोगों को मृत घोषित कर दिया गया, जिसके चलते उनकी पेंशन और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ बंद हो गया. मामला सामने आने के बाद प्रशासन ने संबंधित पंचायत सचिव अमर सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है.**

प्रभावित लोगों में रमाबाई रायकवार, गिरजा विश्वकर्मा और कल्लू अहिरवार शामिल हैं. इन सभी ने शिकायत की कि सरकारी दस्तावेजों में उन्हें मृत दर्ज कर दिया गया, जिससे वे विधवा पेंशन और अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ लेने से वंचित हो गए. मामले के उजागर होने के बाद स्थानीय स्तर पर आक्रोश व्याप्त है. ग्रामीणों ने इस घटना के पीछे पंचायत स्तर की राजनीति और चुनावी रंजिश की आशंका जताई है. हालांकि प्रशासन फिलहाल इसे तकनीकी त्रुटि मान रहा है. जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम: शिवाय अरजरिया ने मामले को गंभीर कदाचार मानते हुए जांच के आदेश दिए हैं. पंचायत सचिव अमर सिंह को निलंबित कर जनपद पंचायत गौरिहार से संबद्ध किया गया है. जांच पूरी होने तक उन्हें नियमानुसार जीवन-निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा. प्रशासन का कहना है कि जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही दोबारा न हो.

# खाद-बीज व्यापारियों का देशव्यापी बंद

**गंजबासौदा.** ऑल इंडिया एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन के आह्वान पर 27 अप्रैल को देशभर में खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारियों ने एक दिन का सांकेतिक बंद रखा. गंजबासौदा में भी कृषि आदान विक्रेता संघ एवं संबंधित संगठनों ने बंद का समर्थन करते हुए अपने प्रतिष्ठान बंद रखे.

इस दौरान व्यापारियों ने रैली निकालकर अपनी मांगों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन स्थानीय एसडीएम अनुभा जैन को सौंपा और विरोध दर्ज कराया. संगठन के अनुसार लंबे समय से लंबित मांगों के निराकरण न होने के कारण यह कदम उठाया गया है.कृषि आदान विक्रेता संघ के पदाधिकारी अमित चौकसे ने बताया कि प्रमुख

### प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

मांगों में उर्वरक पर डीलर मार्जिन बढ़ाना, रिटेलर तक सीधी आपूर्ति व्यवस्था लागू करना, सैंपल फेल होने पर निर्माता कंपनियों पर कार्रवाई, बीज विक्रय योजना को कंपनियों तक सीमित रखना आदि मांगें हैं.

# वन परिक्षेत्र में महुआ संग्रहण अभियान शुरू

**ग्यारसपुर 27 अप्रैल.** वन मंडलाधिकारी हेमंत यादव एवं उप वन मंडलाधिकारी हिमांशु त्यागी के मार्गदर्शन तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी मुस्कान शिवहरे के निर्देशन में वन परिक्षेत्र ग्यारसपुर में महुआ फूल संग्रहण का कार्य जारी है.ग्राम गुन्नौठा, गंभीरिया, मोहम्मदगढ़ एवं हैदरगढ़ में वन धन केंद्र के अंतर्गत महुआ संग्रहण केंद्र स्थापित किए गए हैं. वन धन केंद्र हैदरगढ़ के माध्यम से इस वर्ष 200 क्विंटल महुआ फूल संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है.महुआ फूल संग्रहण के लिए ग्रामीण रात्रि के समय महुआ वृक्षों पर ग्रीन नेट बांधकर फूलों का संग्रहण कर रहे हैं.

# लापरवाही पर छतरपुर कलेक्टर का कड़ा रुख

## धीमी प्रगति पर संविदाकार को ब्लैक लिस्ट करने, अनुबंध समाप्त करने के निर्देश



**महाराजपुर (छतरपुर), 27 अप्रैल.** छतरपुर कलेक्टर ने महाराजपुर और गढ़ीमलहरा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता और गति को लेकर सख्त तेवर दिखाए हैं. आयोजित एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर ने क्षेत्र में संचालित जल प्रदाय योजनाओं और सीवरेज परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया.

कलेक्टर की नाराजगी और सख्त कार्रवाई समीक्षा के दौरान योजनाओं की बेहद धीमी प्रगति और समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण न होने पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी व्यक्त की. लापरवाही को देखते हुए उन्होंने आईआईईएल गुड़गांव के संविदाकार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं. कलेक्टर ने नगरीय प्रशासन विभाग को उक्त फर्म की ब्लैक लिस्टिंग (काली सूची में डालने) और संविदा समाप्ति का विधिवत प्रस्ताव भेजने के आदेश जारी कर दिए हैं.

> जनसंपर्क विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि जनहित से जुड़ी योजनाओं में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सीवरेज और जल प्रदाय जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाए ताकि आम जनता को जल्द से जल्द इनका लाभ मिल सके. बैठक में कलेक्टर ने अन्य संबंधित विभागों को भी चेतावनी दी कि यदि भविष्य में कार्यों की प्रगति में सुधार नहीं पाया गया, तो अन्य जिम्मेदार एजेंसियों और अधिकारियों पर भी कठोर कार्रवाई की जाएगी.



# पत्रकार से मारपीट में दो गिरफ्तार

## पत्रकारों ने एसपी ऑफिस तक निकाली अर्थी यात्रा

**छतरपुर, 27 अप्रैल.** छतरपुर जिले के बिजावर निवासी पत्रकार राकेश राय से मारपीट और पुलिस की कथित पक्षपातपूर्ण कार्रवाई के विरोध में सोमवार को जिलेभर के पत्रकारों ने जोरदार प्रदर्शन किया. नाराज पत्रकारों ने प्रशासन और पुलिस के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए शहर में सांकेतिक अर्थी यात्रा निकाली और पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी की.

### एक पुलिसकर्मी निलंबित

पत्रकारों का आरोप है कि बीते गुरुवार रात धार्मिक आयोजन की कवरेज कर लौट रहे पत्रकार राय के साथ पिपट थाना क्षेत्र में शराब माफिया से जुड़े लोगों ने मारपीट की. आरोप है कि पुलिस ने निष्पक्ष कार्रवाई करने के बजाय पीड़ित पत्रकार पर ही जवाबी मामला दर्ज कर दिया. इससे पत्रकारों में भारी आक्रोश है. उनका कहना है कि शराब दुकान के सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक किए जाएं, जिससे पूरे मामले की सच्चाई सामने आ सके.

सोमवार सुबह जिलेभर के पत्रकार सर्किट हाउस में एकत्र हुए और वहां से पैदल मार्च करते हुए एसपी कार्यालय पहुंचे. इस आंदोलन को कई सामाजिक और राजनीतिक संगठनों का भी समर्थन मिला. पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों हारून खान और नरेंद्र खंगार को गिरफ्तार किया है. साथ ही पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने पिपट थाना के एक पुलिसकर्मी को निलंबित कर जांच की जिम्मेदारी एएसपी आदित्य पटले को सौंपी है. वहीं, शराब दुकान संचालक पक्ष ने भी अपनी सफाई पेश करते हुए घटना को दो व्यक्तियों के बीच निजी विवाद बताया है. फिलहाल मामले की जांच जारी है.

> छतरपुर जिले के थाना पिपट क्षेत्र में पत्रकार राकेश सिंह राय के साथ हुए विवाद और हमले के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. सोमवार शाम एसडीओपी से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी हारून खान (निवासी बिजावर) और नरेंद्र खंगार (निवासी शाहगढ़) को हिरासत में लिया है. पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है. इस गिरफ्तारी के बाद क्षेत्र के पत्रकारों और स्थानीय नागरिकों ने पुलिस की सक्रियता पर संतोष व्यक्त किया है

# दरबार में पहुंचे हजारों श्रद्धालु

**छतरपुर, 27 अप्रैल.** छतरपुर जिले के ग्राम कड़ी स्थित अजय पार सरकार धाम में दिव्य दरबार का आयोजन किया गया. सुबह करीब 10 बजे शुरू हुए इस दरबार में दूर-दूर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे. धाम परिसर श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति से सराबोर नजर आया.



### उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़
### सुनीं समस्याएं और बताए समाधान

दरबार में भगत जी ने श्रद्धालुओं की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए आवश्यक उपाय बताए. अपने जीवन की परेशानियों और पारिवारिक समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर पहुंचे लोगों ने श्रद्धा और विश्वास के साथ अपनी बातें रखीं.

> दिव्य दरबार के दौरान पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा. श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया. आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला. धाम में दिनभर भक्तों का आना-जाना लगा रहा. स्थानीय लोगों के अनुसार, अजय पार सरकार धाम में आयोजित होने वाले ऐसे दरबारों में बड़ी संख्या में लोग अपनी आस्था के साथ पहुंचते हैं. यहां श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति और मार्गदर्शन प्राप्त होता है.

# सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत

## झरकुआ के भुवानीदीन पाल ने जिला अस्पताल में तोड़ा दम

**छतरपुर, 27 अप्रैल. छतरपुर जिले के किशनगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत झरकुआ गांव में सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई. मृतक की पहचान झरकुआ निवासी भुवानीदीन पाल के रूप में हुई है.**

जानकारी के अनुसार, भुवानीदीन पाल शौचक्रिया के बाद घर लौट रहे थे. इसी दौरान अमानगंज रोड पर किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी. हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए.

घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल किशनगढ़ अस्पताल पहुंचाया गया. प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया.



जिला अस्पताल में उपचार के दौरान सोमवार, 27 अप्रैल को सुबह करीब 11 बजे भुवानीदीन पाल ने दम तोड़ दिया. इसके बाद जिला अस्पताल में उनका पोस्टमार्टम कराया गया.

पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. आरोपी वाहन की तलाश की जा रही है.

**अभियान** — गाय को 'राष्ट्रमाता' का दर्जा दिलाने अनूठा प्रदर्शन

# ठेले पर गौमाता को लेकर तहसील पहुंचे गौसेवक

**छतरपुर, 27 अप्रैल.** भारतीय संस्कृति में पूजनीय गाय को संवैधानिक मान-सम्मान दिलाने की मांग अब छतरपुर में तेज होने लगी है. सोमवार, 27 अप्रैल की दोपहर छतरपुर तहसील कार्यालय में उस समय एक अनोखा नजारा देखने को मिला,



### राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

जब बड़ी संख्या में गौसेवक एक गाय को पूरे सम्मान के साथ ठेले पर बैठाकर प्रशासनिक परिसर पहुंचे. गौसेवकों के इस अनूठे प्रदर्शन को देखने के लिए तहसील में लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई. दोपहर करीब 2:30 बजे तहसील पहुंचे गौसेवकों ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा. ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि गाय को अविलंब 'राष्ट्रमाता' और 'राष्ट्र आराध्या' का संवैधानिक दर्जा प्रदान किया जाए. गौसेवकों का तर्क है कि गाय केवल एक पशु नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की आस्था का केंद्र और अर्थव्यवस्था का आधार है, इसलिए इसे राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में मान्यता मिलना

> **संवैधानिक दर्जे की मांग पर अड़े गौसेवक**
>
> प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे गौसेवकों ने कहा कि लंबे समय से गौवंश की उपेक्षा हो रही है, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. उन्होंने प्रशासन के माध्यम से केंद्र सरकार तक यह संदेश पहुँचाया कि गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने से न केवल गौवंश का संरक्षण होगा, बल्कि समाज में उनके प्रति सम्मान भी बढ़ेगा. गौसेवकों ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि जब तक गाय को उनका उचित संवैधानिक अधिकार नहीं मिल जाता, तब तक उनका यह चरणबद्ध आंदोलन और जागरूकता अभियान जारी रहेगा. आमतौर पर ज्ञापन देने के लिए लोग पैदल या वाहनों से पहुंचते हैं, लेकिन ठेले पर गाय को बैठाकर लाना प्रशासन का ध्यान खींचने के लिए एक प्रभावी तरीका साबित हुआ. तहसील परिसर में मौजूद आम राहगीरों और वकीलों ने भी गौसेवकों के इस जज्बे की सराहना की. इस दौरान पूरे परिसर में 'गौमाता की जय' के नारे भी गूंजते रहे.

# गौ सम्मान के लिए सड़कों पर उतरे गौभक्त

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज 27 अप्रैल..** गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत सोमवार को गौ-भक्तों द्वारा रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा गया. ज्ञापन के साथ करीब ढाई हजार हस्ताक्षरयुक्त पत्र भी प्रस्तुत किए गए.

जानकारी के अनुसार रैली स्थानीय शीतला माता मंदिर कठाली बाजार से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए तहसील परिसर पहुंची. रैली के प्रारंभ में मंदिर परिसर में भगवान श्रीराम एवं गौमाता की पूजा-अर्चना की गई. इसके बाद गौ-भक्त भजन-कीर्तन और श्रीराम नाम संकीर्तन करते हुए करीब दो किलोमीटर की पदयात्रा कर तहसील पहुंचे.

# 60 वर्षीय व्यक्ति लापता

**छतरपुर, 27 अप्रैल. छतरपुर शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में 60 वर्षीय प्रभु प्रकाश खरे के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है. रविवार सुबह करीब 7 बजे वह बिना किसी को बताए घर से निकल गए थे. परिवार को उनके बाहर जाने की कोई जानकारी नहीं थी, जिससे परिजनों की चिंता बढ़ गई.**

### किशोर सागर तालाब किनारे मिली छड़ी-चप्पल

कुछ समय बाद किशोर सागर तालाब की सीढ़ियों के पास उनकी छड़ी और चप्पल पड़ी मिली. परिजनों ने मौके पर पहुंचकर इन वस्तुओं की पहचान की. विशेष बात यह है कि छड़ी पर प्रभु प्रकाश




खरे का नाम, मोबाइल नंबर और पता लिखा हुआ था, जिससे उनकी पहचान तुरंत हो सकी.

घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी. साथ ही, तालाब में तलाश के लिए स्ठत्रत्र टीम को भी बुलाया गया. टीम ने कई घंटों तालाब में सर्च ऑपरेशन चलाया.